डॉ. अजित कुमार मोहान्ती
Dr. Ajit Kumar Mohanty

भारत सरकार
Government of India

अध्यक्ष, परमाणु ऊर्जा आयोग
व
सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग
Chairman, Atomic Energy Commission
&
Secretary, Department of Atomic Energy

संदेश

प्रिय साथियो !

देश की भाषाई एकता और राजभाषा हिंदी को समर्पित 14 सितंबर 2024 हिंदी दिवस के अवसर पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

इस वर्ष हम अपने विभाग की स्थापना की प्लेटिनम जुबली मना रहे हैं, इन विगत 70 वर्षों में विभाग ने समाज के हर क्षेत्र के विकास में अपना उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, उद्योग, अनुसंधान, पर्यावरण, खाद्य संरक्षण आदि कई क्षेत्रों में विभाग ने महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की हैं। आज परमाणु ऊर्जा विभाग अंतर्राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न परियोजनाओं में सहभागी है और अपनी विशेषज्ञता का लाभ वैश्विक समुदाय को भी दे रहा है।

अपने देश को आजाद हुए भी 75 वर्ष से अधिक हो चुके हैं और जब हम अपने देश की आजादी की 100 वीं जयंती मना रहे होंगे उस वक्त के लिए हमारे सामने क्या लक्ष्य होंगे और उन्हें हम कैसे पूरा करेंगे इस बात को हमें हमेशा ध्यान में रखना होगा। आगामी 25 वर्षों की इस अवधि को हमारे प्रधान मंत्री महोदय ने अमृत काल घोषित किया है जिसमें हमें अपने पुरुषार्थ से अपने देश को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना है। विकास की इस यात्रा में विज्ञान तो अपनी भूमिका निभायेगा ही साथ ही भाषाओं की भी इस विकास यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

आज भाषा प्रौद्योगिकी उस स्थिति में प्रवेश कर चुकी है जब भाषाओं की विविधता के कारण संवाद की समस्याएँ समाप्त हो रही हैं और विभिन्न भाषा भाषियों के बीच संप्रेषण सहज और सरल हो रहा है। मेरा विश्वास है कि इन उन्नत प्रौद्योगिकियों का प्रयोग हम राजभाषा नीति के अनुपालन में करते हुए हिंदी के प्रयोग में और वृद्धि करेंगे।

अणुशक्ति भवन, छत्रपति शिवाजी महाराज मार्ग, मुंबई - 400 001 भारत • Anushakti Bhavan, Chhatrapati Shivaji Maharaj Marg, Mumbai - 400 001, India
दूरभाष/Phone: +(91) (22) 2202 2543 • फैक्स/Fax +(91) (22) 2204 8476 / 2284 3888
ई मेल/E-mail chairman@dae.gov.in

परमाणु ऊर्जा विभाग अपने कार्यों को देश के आम लोगों तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है जिसके लिए हम सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया आदि के माध्यम से अपने विभाग की गतिविधियों को प्रसारित करते हैं जिससे न केवल विभाग के कार्यों की जानकारी लोगों तक पहुँचती है, बल्कि राजभाषा का प्रचार-प्रसार भी होता है।

विभाग सदैव से ही राजभाषा कार्यान्वयन के प्रति समर्पित रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप विभाग को वर्ष 2022-23 के लिए राजभाषा विभाग के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय राजभाषा पुरस्कार "राजभाषा कीर्ति" (प्रथम स्थान) से सम्मानित किया गया है। इस उपलब्धि पर मुझे बहुत गर्व की अनुभूति हो रही है और मैं अपने पूरे विभाग को इस उपलब्धि पर अपनी शुभकामनाएँ देता हूँ।

भाषा का प्रवाह सदैव ही कठिनता से सरलता की ओर रहा है। राजभाषा के संबंध में भी मेरा यही आग्रह है कि हम कार्यालयीन रूप में हिंदी का प्रयोग करते समय सरल व सहज हिंदी का ही प्रयोग करें।

हिंदी हमारे लिए एक संप्रेषण का ही माध्यम मात्र नहीं है बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय पहचान भी है अत: मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि राजभाषा कार्यान्वयन की इस गति और प्रगति को हम यूँ ही बनाए रखेंगे और इसमें उत्तरोत्तर वृद्धि भी करेंगे।

हिंदी दिवस के अवसर पर हमें पुन: संकल्पित करना है कि कार्यालय में अधिक से अधिक कार्य हम हिंदी में ही करें तथा राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अपना पूर्ण सहयोग करें।

आप सभी को हिंदी दिवस की पुन: हार्दिक शुभकामनाएँ ।

अजित कुमार मोहान्ती
(अजित कुमार मोहान्ती)

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
हिन्दी अनुभाग

अणुशक्ति भवन, छ.शि.म.मार्ग,
मुंबई-400 001

सं. 37/हिन्दी/2024/ 12 सितंबर, 2024

शुद्धिपत्र

विषय : हिन्दी दिवस- 2024 के अवसर पर सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग के संदेश का प्रेषण।

*****

विभाग के दिनांक 12 सितंबर, 2024 के पत्र सं. 37/हिन्दी/2024/ 1204-1265 के माध्यम से भेजे गये सचिव, परमाणु ऊर्जा विभाग के हिंदी दिवस- 2024 के संदेश के पैरा 6 में उल्लिखित वर्ष 2022-23 के बदले वर्ष 2023-24 पढ़ा जाए ।

असुविधा के लिए खेद है ।

संलग्नक : यथोपरि

12/09/2024.
(अचलेश्वर सिंह)
निदेशक (राजभाषा)

1. अध्यक्ष, एईआरबी
2. परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी यूनिटों/उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों के प्रधान
3. एईआरबी और परमाणु ऊर्जा विभाग की सभी यूनिटों/उपक्रमों/सहायता प्राप्त संस्थानों के हिन्दी पदाधिकारी

प्रतिलिपि :

परमाणु ऊर्जा विभाग सचिवालय, मुंबई एवं शाखा सचिवालय, नई दिल्ली के सभी अधिकारीगण/अनुभाग